स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस

संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम सेमिनार/वर्कशाप/आनलाइन व्याख्यान एवं अन्य
जुलाई, 2022

1. 01 जुलाई, 2021, डाक्टर्स डे

दिनांक 01 जुलाई, 2021 के अवसर पर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर ने डाक्टर्स डे मनाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र में सेवायें देने वाले चिकित्सकों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक जी ने प्रशस्ति पत्र एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले चिकित्सक हैं–

1. डा0 गौतम दत्ता, हड्डी रोग विशेषज्ञ।
2. डा0 पंकज गुलाटी, नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ।
3. डा0 शर्मीली ओबेराय, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ।
4. डा0 गौरव दुबे, नेत्र रोग विशेषज्ञ।
5. डा0 आर0एम0 कटियार, मेडिसिन।
6. डा0 वी0के0 टण्डन, शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ।
7. डा0 संजीव रोहतगी, नेत्र रोग विशेषज्ञ।
8. डा0 अशोक पुरी, शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ।
9. डा0 डी0के0 जयपुरिया, एम.डी.एस, डेंटल सर्जन।
10. डा0 अभिनव कुशवाहा, डेंटल सर्जन।
11. डा0 रोनल कुमार, साइकोलाजिस्ट।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव **डा0 अनिल कुमार यादव**, स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी **डा0 प्रवीन कटियार,** मीडिया प्रभारी **प्रो0 संजय स्वर्णकार, प्रो0 सुधांशु पाण्डिया,** सह मीडिया प्रभारी **डा0 विवेक सिहं सचान**, **डा0 मुनीश रस्तोगी, डा0 वर्षा प्रसाद** आदि उपस्थित

2. 04.07.2021, थैलीसीमिया मरीजों हेतु एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

दिनांक 04 जुलाई, 2021 को थैलीसीमिया मरीजों हेतु एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर, पुलिस प्रशासन व अमर उजाला फाउण्डेशन द्वारा **विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र में पूर्वान्ह 10:00** बजे से किया गया।

इस शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति **प्रो0 विनय कुमार पाठक** एवं डी.सी.पी. कानपुर वेस्ट **श्री संजीव त्यागी** द्वारा हुआ। शिविर के उदघाटन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक व डी. सी.पी. कानपुर वेस्ट श्री संजीव त्यागी ने पौधा रोपण भी किया। शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव **डॉ0 अनिल कुमार यादव,** स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी **डा0 प्रवीन कटियार**, सुरक्षा अधिकारी **डॉ0 आर0पी0 सिंह, डॉ0 अजय कुमार गुप्ता** व सह मीडिया प्रभारी **डॉ0 विवेक सिंह सचान** आदि उपस्थित थे। पुलिस की ओर से एडीसीपी वेस्ट **श्री अभिषेक अग्रवाल,** ए.सी.पी. कल्यानपुर **श्री दिनेश कुमार शुक्ला**, कल्यानपुर थाने के एस.एच.ओ. **श्री बीर सिंह**, विश्वविद्यालय की चौकी इंचार्ज **श्रीमती इंदु यादव,** आरक्षी मीडिया सेल, **श्री सागर पोरवाल** एवं अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कुल **67 यूनिट** रक्तदान हुआ। रक्तदान करने वालों में पुलिस के अधिकारी, उनके सहकर्मी, नगर की विभिन्न संस्थाओं से जुड़े हुए व्यक्ति तथा महिला एवं पुरूष नागरिक थे।

रक्तदान का कार्य **जी.एस.वी.एम. मेडिकल कालेज, कानपुर** के **रक्तकोष** द्वारा संपादित कराया गया।

इस आयोजन में नगर की समाज सेवी संस्थओं **राबिन हुड आर्मी, माँ तुझे सलाम, ब्लड कनेक्ट, संरक्षण, सपोर्ट फाउण्डेशन, युग भारती, कानपुर थैलेसेमिक सोसायटी, पार्श्वनाथ चैरिटेबल सेंटर, फील, पीआईए, फीडिंग इंडिया, यूथ विलर्स, उ0प्र0 योगासन संघ, साहवेस, रिलायंस वेलफेयर सोसाइटी, ह्यूमन फाउंडेशन व ओलम्पिक एसोसिएशन** ने भी अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया।